# मेडिकल कॉलेज के सामने सेनेट्री व टाइल्स शोरूम में चोरी

■ अगले दिन शोरूम को खोलने पर चला घटना का पता चला

**श्रीगंगानगर** । यहां मेडिकल कॉलेज के सामने नेशनल हाइवे स्थित एक सेनेट्री और टाइल्स शोरूम में लाखों रुपए के सामान की चोरी की वारदात हो गई है। अज्ञात आरोपियों ने पड़ोस की सीढियों के जरिए छत से होकर शोरूम में प्रवेश किया। वारदात 20 अक्टूबर की रात को अंजाम दी गई। घ ा पीडितों की ओर से दिए गए परिवाद पर अज्ञात चोरों के खिलाफ नकबजनी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल गुलाबसिंह को जांच सौंपी गई है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल गुलाबसिंह न बताया कि शोरूम के संचालक सुभाषचंद्र की ओर से दिए गए परिवाद पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शोरूम को दीपावली की रात को पूजा आदि करके ताले लगाकर अच्छी तरह चेक करके बंद करके घरों को गए थे। अगली सुबह दुकान पहुंचे तो अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। बाथरूम फिटिंग्स की कई महंगी आइटम गायब थीं। गल्ले में रखा सोने का सिक्का भी चुराकर ले गए। एसएचओ सुभाषचंद्र ने बताया कि चोरी के तरीके से लगता है कि आरोपियों ने पहले शोरूम की रैकी की होगी। क्योंकि चोरी के लिए वे साथ में टेंपो लेकर आए। सामान को चुराया और इस टेंपो में लादकर गायब हो गए। हालांकि इस शोरूम के तो डीवीआर भी ले गए लेकिन आसपास के अन्य संस्थानों के कैमरों में दूर से वारदात करते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो से तीन आरोपी होने की आशंका है। वारदात के खुलासे के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। टेंपो के आने और जाने का रूट पता लगाया जा रहा है। जल्दी ही वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चोर पहले पड़ोस में हॉस्पिटल की सीढियों से होकर इस शोरूम की छत पर गए। वहां से ऊपर के रसोईघर का ताला तोड़ा। फिर नीचे उतरने की सीढि़यों के गेट को उखाड़कर अंदर घुस गए। शोरूम के भूतल और प्रथम तल से कीमती धातुओं से बनी टोंटियों व पाइपों आदि का काफी सामान चुरा लिया। चुराया गया सामान अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की कंपनियों की बाथरूम फिटिंग्स का है। इसकी अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है। लेकिन पीडितों की ओर से चोरों द्वारा किए गए नुकसान की सूची अभी पुलिस को नहीं सौंपी है। इसके बाद ही नुकसान का वास्तविक आकलन हो पाएगा। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग गायब करने को डीवीआर ही ले गए : एसएचओ सुभाषचंद्र ने बताया क दुकान के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। लेकिन आरोपी रिकॉर्डिंग को मिटाने और पकड़े जाने के डर से सिस्टम की डीवीआर ही निकालकर साथ ही ले गए। इसलिए जो भी रिकॉर्डिंग हुई, वह डीवीआर के साथ ही चली गई। इससे आशंका है कि चोर काफी शातिर हैं और पूर्व में भी कई वारदातें की हो सकती हैं। तीसरा आरोपियों के स्थानीय या आसपास के ही इलाके के होने का शक है।

## युवती से मोबाइल छीनने का प्रयास

**केसरीसिंहपुर** । यहां कस्बे में दिनदहाड़े एक युवती से मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। यह घटना कस्बे की चुंगी नंबर 3 के पास हुई, जिसमें बाइक सवार तीन युवक असफल होकर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, युवती सड़क पर पैदल जा रही थी। तभी पीछे से तेज गति से आई एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसके हाथ में पकड़े मोबाइल फोन को छीनने की कोशिश की। युवती की सतर्कता के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। मोबाइल छीनने में विफल रहने के बाद तीनों युवक तुरंत घटनास्थल से भाग निकले। घटना इतनी तेजी से हुई कि युवती भी अचानक हुई इस वारदात से स्तब्ध रह गई। युवती ने अभी तक अपनी पहचान नहीं बताई है।

## खाद्य मंत्री गोदारा ने एसपी को दिए निर्देश

**बीकानेर** । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर को निर्देश दिए हैं कि शहरी क्षेत्र के समस्त बाजार और दुकानें रात 11 बजे अनिवार्य रूप से बंद हो जाएं। इसके लिए प्रत्येक थानाधिकारी को पाबंद करने तथा नियमित गश्त करते हुए इन आदेशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया हैं।

मंत्री गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के उद्देश्य से सभी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए थे। जिसकी अनुपालना में उन्होंने पूर्व में भी इसके लिए निर्देशित किया था। उन्होंने बताया कि उसके बाद समस्त दुकानें 11 बजे बंद हो जाती थी। पिछले कई दिनों से रात ग्यारह बजे के बाद भी दुकानें खुली रहती हैं। उन्होंने कहा है कि इन आदेशों की पालना में किसी स्तर पर शिथिलता नहीं हो। समस्त दुकानें अनिवार्य रूप से ग्यारह बजे तक बंद हो जाएं। जिससे किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि की संभावना ना रहे।

## नोखा के काकड़ा में कुश्ती दंगल

**नोखा** । यहा ग्राम काकड़ा में गुरु हनुमान व्यायामशाला के तत्वावधान में एक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश भर के पहलवानों ने भाग लिया।

खेल प्रेमियों से भरे मैदान में पहलवानों ने कई रोमांचक मुकाबले प्रस्तुत किए। इन मुकाबलों में उन्होंने अपना दमखम दिखाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती ग्रामीण जीवन की पहचान है, जो युवाओं में अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास की भावना जगाती है।

## अगले माह शुरू होगा पुल निर्माण कार्य

**सूरतगढ़**, यहां घग्गर नदी के पानी से हर साल डूबने वाली सूरतगढ़-भोजेवाला लिंक सड़क की समस्या अब जल्द खत्म होगी। राज्य सरकार ने डिप्रेशन नंबर 12 के निकट 1 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर दिया है। पीडब्लूयूडी के अनुसार नवंबर से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बारिश में 30-40 किमी का चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। यह सड़क सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे-62 से जुड़ी है और 15 से अधिक गांवों को जोड़ती है। डिप्रेशन नंबर 12 में नाली बेड का पानी आने पर सड़क का लेवल नीचा होने के कारण पानी ऊपर से बहने लगता है, जिससे कटाव हो जाता है और आवागमन 15-20 दिनों तक बंद। इस साल 14 सितंबर को पानी आने से 16 दिनों तक सड़क बंद रही। पीडब्लूयूडी ने कटाव स्थल पर वाहन आवागमन बंद का बोर्ड लगा दिया था। पिछले साल 2023 में भी यही समस्या आई थी। तब सड़क पानी में बह गई थी और 15 दिनों तक बंद रही। पीडब्लूयूडी ने अस्थायी रूप से साइफन (बड़ा पाइप) और मिट्टी भराई कर रास्ता खोला था। लेकिन यह समाधान स्थायी नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बंद होने पर 1-2 केएसपीएम, भोजेवाला, सोमासर, 185 आरडी, 1 से 4 बीजेडब्लू, कानौर, ठेठार, ठुकराना, ऐटा, चाड्सर, गुसांईसर, कालूसर, रत्तासर, जैसाभट्टी, सरदापुराखर्था सहित आसपास के चक-ढाणियों का संपर्क टूट जाता है। लोगों को सरदापुराखर्था या थर्मल सड़क के रास्ते 30-40 किमी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। पीडब्लूयूडी जेईएन मनीष गोदारा ने शुक्रवार को बताया कि सरकार ने स्थायी मरम्मत योजना के तहत 1 करोड़ का बजट मंजूर किया है। पुल की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई साढ़े 5 मीटर होगी। यह छोटे पिलुरों पर बनेगा, ताकि कम पानी नीचे से और ज्यादा पानी सड़क के ऊपर से निकल सके। इससे पानी आने पर भी आवागमन बंद नहीं होगा।

## राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह

**नोखा** । यहा स्थित श्री करणी राजपूत छात्रावास में श्री राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 280 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीखसिंह गुदूसर ने का 12वीं कक्षा की टॉपर छात्रा भव्या राजवी ढींगसरी को कर्नल मोहन सिंह द्वारा 5100 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नवचयनित आरएएस प्रतिभाओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।आयोजन समिति के इंद्रसिंह नांदड़ा और उमेद सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में संत रेवन्तदास महाराज और श्यामगिरी महाराज (महंत रातड़िया धोरा) का सानिध्य रहा। इस दौरान अर्जुन अवॉर्डी मंगनसिंह राजवी, कर्नल हेमसिंह शेखावत, कमांडेंट बॉर्डर होम गार्ड अरुणसिंह भाटी जांगलू, आबकारी इंस्पेक्टर नगेन्द्रसिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## 'पाप व पुण्य कारण, परिणाम की समझ जरूरी'

**बीकानेर** । गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने शुक्रवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में प्रवचन में कहा कि जीवन में व्यक्ति के पाप व पुण्य कारण, परिणाम की समझ जरूरी है। पाप-पुण्य की समझ से व्यक्ति अनेक बुराइयों, कठिनाइ्यों व कर्म बंधनों से बच सकता है तथा सच्चा धार्मिक बनकर मोक्ष के मार्ग पर चल सकता है। उन्होंने कहा कि अजीव (सांसारिक विषय भोग की वस्तुओं) की बजाए जीव, आत्मा व परमात्म तत्व की सही पहचान करें। अजीव (निर्जीव) के प्रति ममत्व, मुर्छा, ममता, आसक्ति व राग के भाव का त्याग कर जीवात्मा, आत्मा व परमात्मा से प्रेम व मैत्री रखें। अजीव का गलना, सड़ना व नष्ट होना निश्चित है, आत्मा व परमात्मा नित्य रहने वाले अजर अमर है। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला श्रीजी व शंखनिधि के सान्निध्य में रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में ज्ञान वाटिका का विशेष रविवारीय सत्र होगा। खरतरगच्छ युवा परिषद के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन करने वाले बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं संस्कार निर्माण के लिए विशेष सत्र प्रत्येक रविवार को आयोजित करने का लक्ष्य है। संगठन के सचिव विक्रम भुगड़ी ने बताया कि दो घंटें के इस शिविर में रचनात्मक कौशल, गहुली व रंगोली बनाना, जीवन कौशल, आत्म रक्षा, शैक्षणिक और भाषा कौशल, शैक्षणिक परामर्श, संचार एवं मंच, भाषण व वाद विवाद कौशल, योग एवं ध्यान, प्रेरणादायी कथा एवं मूल्य शिक्षा, भक्ति गीत एवं समूह खेल मनोरंजक प्रतियांगिताएं होगी । खरतरगच्छ महिला परिषद की बीकानेर शाखा मंत्री लीला कोठारी व श्वेता कोठारी को शिविर के लिए नामांकन करवाया जा सकेगा।

## बिजली के तारों के बोरे के साथ युवक पकड़ा

**श्रीगंगानगर** । जवाहरनगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को बिजली की चुराई गई तारों के बोरे के साथ पकड़ा है। आरोपी से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आरोपी के पास बरामद हुई तारें एसएसबी रोड के आसपास की कॉलोनियों के निर्माणाधीन मकान से निकाली गई बताई हैं। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर पता लगा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अलसुबह करीब 4 बजे जवाहरनगर थाना के एएसआई सूरजभान गश्त पर थे। उन्होंने एसएसबी रोड पर गंगनहर की पुल से पहले इस युवक को संदिग्धावस्था में में साइकिल पर बोरा लादकर जाते देखा। युवक को रोककर बोरे में सामान के बारे में पूछा तो पुलिस के सामने आरोपी की बोलती बंद हो गई और घबरा गया। बोरे में बिजली की तारें थीं। युवक ने बताया कि वह इनको निर्माणाधीन मकानों से चुराकर लाया है।

## श्रीकरणपुर धानमंडी में कॉमन शेड निर्माण जारी

■ 69 लाख में होगा निर्माण, मुख्य द्वार पर सड़क की भी होगी मरम्मत

**श्रीकरणपुर**, । यहा की 128 बीघा में फैली नई धानमंडी में कॉमन शेड और मुख्य द्वार का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजन तनेजा और कृषि उपज मंडी समिति के बाबू रजत भाटी ने आज निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कृषि उपज मंडी समिति के बाबू रजत भाटी ने बताया कि नई धानमंडी के पदमपुर रोड स्थित दुकान संख्या-01 के सामने कॉमन शेड का निर्माण कार्य प्रस्तावित था। यह कार्य शिव भंडार कंस्ट्रक्शन कंपनी, जैतसर द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 69 लाख रुपये है।

निरीक्षण के दौरान, मंडी समिति के बाबू रजत भाटी ने पाया कि कॉमन शेड का रैंप सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा था। उन्होंने ठेकेदार को इसे ठीक करने का निर्देश दिया ताकि भविष्य में किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली आसानी से शेड पर चढ़ सकें। शेड के दोनों ओर सीसी रोड का निर्माण भी किया जा रहा है।

भाजपा उपाध्यक्ष राजन तनेजा ने ठेकेदार को शेड के पास सिंचाई पानी के खाले की पुलिया को थोड़ा चौड़ा करने का निर्देश दिया। इससे बड़े ट्रॉले वहां से आसानी से निकल और मुड़ सकेंगे। मंडी समिति के बाबू भाटी ने यह भी बताया कि पदमपुर रोड स्थित धानमंडी का मुख्य द्वार शनिवार और रविवार को बंद रहेगा। इस दौरान मुख्य द्वार पर टूटी सड़क पर सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## 74 जीबी में 193 सरसों बीज के मिनिकिट वितरित

**अनूपगढ** । यहां ग्राम पंचायत 74 जीबी में सेवा पर्व पखवाड़े के तहत ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना था।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 7 आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त, 32 शौचालय आवेदनों पर कार्रवाई हुई और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाभार्थियों को दूसरी किस्त जारी की गई, जबकि 2 आवास पूर्ण करवाए गए। कृषि विभाग ने 193 सरसों बीज के मिनिकिट वितरित किए और 3 किसानों को कृषि यंत्रों की स्वीकृति प्रदान की।

पशुपालन विभाग ने 96 व्यक्तियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा पॉलिसी वितरित की। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पालनहार योजना में एक नया आवेदन स्वीकार किया गया। राजस्व विभाग ने 29 नामांतरण, 3 बंटवारे, धारा 136 के तहत 8 शुद्धिकरण, 9 मूल निवास प्रमाण पत्र और 18 जाति प्रमाण पत्र जारी किए।

शिविर में तहसीलदार दिव्या चावला, अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविंद सिंह, गिरदावर भीमसेन, प्रशासक राजकुमार, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार और जसवीर सिंह सहित भागीरथ कृषि पर्यवेक्षक तथा सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापारी के साथ मारपीट

**श्रीगंगानगर** । यहा गोल बाजार में अवैध पार्किंग को लेकर विवाद बढ़ गया। व्यापारियों ने पूरा बाजार बंद करा दिया। इसके बाद धरने पर बैठ गए।

दरअसल, गोल बाजार में स्थित दुकान के मालिक ने अपनी कार पब्लिक पार्क के पास खड़ी कर दी। आरोप है कि वहां अवैध रूप से पार्किंग चला रहे युवकों ने कार हटाने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। युवकों में जेएमडी के मालिक के साथ मारपीट कर दी। इस मामले को लेकर व्यापारी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं हुई। इसके बाद व्यापारियों में आक्रोश भड़क उठा। बाद में व्यापारियों ने बाजार बंद करने का ऐलान कर दिया। व्यापारियों ने कहा कि अवैध पार्किंग से रोजाना हजारों की वसूली हो रही है और पुलिस खामोश है।

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार' सहायता शिविर आयोजित

■ जागरुकता कोष विषय पर सहायता शिविर का आयोजन रवीन्द्र रंगमंच पर किया गया।

**बीकानेर**, 24 अक्टूबर। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देशों की अनुपालना मे 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता कोष विषय पर जिला स्तरीय जागरुकता और सहायता शिविर का आयोजन शुक्रवार को रवीन्द्र रंगमंच पर किया गया।

कार्यक्रम में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा तथा भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के विध्यांचल सिंह बतौर अतिथि मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने इसे नागरिकों के हित में सकारात्मक कदम बताया। डॉ. मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के कारण नागरिकों को अनक्लेम्ड राशि मिल सकेगी।

विधायक व्यास ने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्राहक इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि बैंकों की ऋण वितरण प्रणाली के सरलीकरण का सुझाव दिया। संभागीय आयुक्त मीणा ने कहा कि कई बार ग्राहक जानकारी के अभाव में स्वयं अथवा अपने परिजनों द्वारा संचित की गई राशि का उपयोग नहीं कर पाते। यह पहल इस दिशा में सहायक साबित होगी। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधकअरविंद कुमार भट्ट ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनकी जमा पूंजी, बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर एवं म्यूचुअल फंड से संबंधित अनक्लेम्ड राशि दिलाने में सहायता करना है। इस दौरान राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी जयपुर के योगेन्द्र सोनी, बैंक ऑफ बड़ौदा से सहायक महाप्रबंधक सुधीर कुमार सिन्हा, राजस्थान ग्रामीण बैंक से सहायक महाप्रबंधक ललित कुमार मोदी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रमेश कुमार तांबिया मौजूद रहे।

## विधायक जनसुनवाई केंद्र का अवलोकन

**बीकानेर** 24 अक्टूबर। उद्योग वाणिज्यए खेल और युवा मामलों के राज्यमंत्री के के बिश्नोई ने शुक्रवार को बीकानेर पश्चिम विधानसभा जन सुनवाई केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदेश के पहले जन सुनवाई केंद्र की सराहना की और कहा कि केंद्र में सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग करते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र मुख्यमंत्री की जनसेवा की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। विधायक व्यास ने उन्हें जनसुनवाई की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और बताया कि यहां प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रकरण को कंप्यूटराइज्ड किया जाता है। इसे संबधित विभाग को भेजने के साथ इसका फीडबैक लिया जाता है। उन्होंने विधायक जनसुनवाई केंद्र पर संधारित रोजगार रजिस्टर के बारे में बताया ।

## बीकानेर में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश

■ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित
■ टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला टीबी अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी ने टीबी निदान से संबंधित ट्रू नाट मशीन बढ़ाने की बात कही, जिस पर श्री सोहनलाल ने सकारात्मक रूप से जल्द ही प्रबंधन का आश्वासन दिया।

**बीकानेर**, जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित हुई। सोहनलाल ने स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं को और सुदृढ़ करते हुए अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान जिला टीबी अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी ने टीबी निदान से संबंधित ट्रू नाट मशीन बढ़ाने की बात कही, जिस पर श्री सोहनलाल ने सकारात्मक रूप से जल्द ही प्रबंधन का आश्वासन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा हेतु पुख्ता रिपोर्ट तैयार करने तथा तुलनात्मक समीक्षा के निर्देश दिए।

सोहनलाल ने जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन, मिशन कमऱ्योगी, आईपीएचएस पोर्टल, यू विन, मौसमी बीमारियां और असंक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम सहित सभी कार्यक्रमों की ब्लॉकवार विस्तृत समीक्षा की और शत प्रतिशत उपलब्धि के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने सभी स्वास्थ्य सेवाओं व कार्यक्रमों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र तनेजा, डॉ. लोकेश गुप्ता, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. नवल किशोर गुप्ता, डीपीओ श्री सुशील कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने संबंधित कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर पीबीएम अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. गौरी शंकर जोशी समस्त ब्लॉक सीएमओ, बीपीओ व जिला स्तरीय कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना के क्रियान्वयन में बीकानेर जिला लगातार 42 महीनों से पूरे राज्य में पहले स्थान पर बना हुआ है। इसके लिए सीईओ जिला परिषद सोहनलाल और सीएमएचओ डॉ. साध ने योजना प्रभारी डॉ. नवल गुप्ता व चिकित्सा अधिकारियों को बधाई दी। जिले में प्रथम स्थान पर रहने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरासर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक सीएमओ डॉ कैलाश गहलोत व ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश रंगा को, दूसरे स्थान के लिए सीएचसी महाजन की ओर से ब्लॉक सीएमओ डॉ विभय तंवर को तथा तीसरे स्थान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देशनोक, नापासर और बज्जू के प्रभारी अधिकारियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिले में सबसे कम उपलब्धि के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दासौड़ी एवं मूलवास सीलवा के प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

## प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित होगा

**बीकानेर** । स्थानीय स्वशासन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत देशनोक में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए विभाग द्वारा क्लस्टर-6 के अंतर्गत कार्यादेश जारी किया गया है।इस संयंत्र की स्थापना से नगर पालिका क्षेत्र के सभी घरेलू, वाणिज्यिक और सार्वजनिक स्थानों से एकत्रित कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर होगी।

राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नगर पालिका में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित करना है, ताकि स्वच्छ राजस्थान का सपना साकार हो सके। परियोजना पूर्ण होने पर देशनोक नगर को कचरा मुक्त और स्वच्छ शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।नगर पालिका अध्यक्ष सीए ओमप्रकाश मूंधड़ा ने कहा कि 'यह परियोजना देशनोक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## सार-समाचार

### शिक्षक संघ रेसटा ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर विरोध प्रदर्शन

**बीकानेर** । शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान की ओर से प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद एवं जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर विरोध प्रदर्शन करके शिक्षकों की छ:सूत्री मांगों के समाधान के लिए स्टाफ ऑफिसर डॉ.अशोक कुमार शर्मा से वार्ता करके मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा,शिक्षा मंत्री मदन दिलावर,शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल एवं कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई,जिला प्रवक्ता अविनाश आसिया ने बताया कि ज्ञापन में अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक की पांच व वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की तीन सत्रों की बकाया पदोन्नति,प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती,कंप्यूटर अनुदेशकों की वेतन विसंगति एवं कैडर संशोधन,महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शेष रहे कार्मिकों की पदस्थापन प्रक्रिया जल्द शुरू करवाने,शिक्षा विभाग,द्वारा दिए जाने वाले राज्य/जिला/ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान के वर्ष 2023,2024,2025 के सभी आवेदन करने एवं सम्मानित होने वाले शिक्षकों के आवेदन अंकों एवं संलग्न दस्तावेजों सहित ऑनलाइन करवाएं जाने एवं शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों में नहीं लगाने, राज्य के सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों के पद स्वीकृत करने आदि मांगों का जल्द निस्तारण करवाने की मांग की गई। इस अवसर डॉ.शर्मा ने सभी मांगों को ध्यान पूर्वक सुना एवं जो मांगे निदेशालय स्तर की है उनका जल्द निस्तारण करवाने एवं शेष मांगों को राज्य सरकार को भिजवाने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना द्वारा लिखित काव्य संग्रह कैलाशी की प्रति भेंट करके स्टाफ ऑफिसर का सम्मान किया गया।
इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई, जिला संरक्षक भंवर लाल आचार्य,जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी,जिला महामंत्री पवन शर्मा,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा,जिला संगठन मंत्री ओम शंकर मौर्य, जिला प्रवक्ता अविनाश आसिया, जिला उपाध्यक्ष डूंगर दान, हदा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष खीचड़,छतरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन आसेरी आदि उपस्थित रहे।

### श्रीगंगानगर में छात्रों का एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर** । यहा छात्र नेता भरत जोग के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट के विरोध में शुक्रवार को संयुक्त छात्र मोर्चा ने एसपी ऑफिस का घेराव किया। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। नाराज छात्रों ने एसपी ऑफिस के बाहर धरना देकर नारेबाजी की और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि पुलिस लगातार छात्र नेताओं को निशाना बना रही है। विरोध के दौरान छात्र एसपी ऑफिस के अंदर घुसने की कोशिश करने लगे, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोका। इससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। बाद में छात्रों ने ऑफिस के बाहर बैठकर धरना शुरू कर दिया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ईशानवीर मान ने बताया कि 11 अक्टूबर को छात्र नेता भरत जोग अपने साथियों के साथ शहर के एक मोबाइल सर्विस सेंटर पर फोन ठीक कराने गया था। दुकानदार से विवाद होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे कोतवाली एचएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने भरत जोग को थप्पड़ मारा और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। छात्र नेता नवाब खान ने आरोप लगाया कि जिले में पुलिस छात्र नेताओं को गैंगस्टरों से जोड़कर उनका भविष्य बर्बाद करने की धमकी देती है। उन्होंने कहा कि अब छात्र चुप नहीं बैठेंगे और अगर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। छात्र नेता नवाब खान ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी छात्र नेता हिमांशु सिसोदिया और सुदेश बिश्नोई के साथ पुलिस मारपीट कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अपराधियों को छोड़ छात्र नेताओं को निशाना बना रही है।

### राजस्थानी फिल्म सतोळियो का हुआ मुहूर्त

**बीकानेरए** । राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता के विषय पर बनने वाली फिल्म सतोळियो का शुक्रवार को मुहूर्त हुआ। टाउन हॉल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवालए बीकानेर पश्चिम विधायक ी जेठानंद व्यास संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा तथा उपनिदेशक जनसंपर्क डॉ् हरि शंकर आचार्य बतौर अतिथि मौजूद रहे। डॉ मेघवाल ने कहा कि फिल्म और नाटकए किसी भी माध्यम को जन.जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बीकानेर से हो रहा यह प्रयास राजस्थानी भाषा को और अधिक समृद्ध करने में अपना योगदान देगा। विधायक व्यास ने कहा कि एक दौर में राजस्थानी फिल्म बड़ी ख्याति हासिल करती थी। धीरे.धीरे हम इनसे दूर हो गए। आज के दौर में वापस इनसे जुड़ना जरूरी है। संभागीय आयुक्त ने कहा कि आज अनेक लोग सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थानी को प्रोत्साहित कर रहे हैंए लेकिन इसके लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भाषा को आगे बढ़ाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमे इसे समझना होगा। डॉण् आचार्य ने कहा कि राजस्थानी को सशक्त करने की शुरूआत हमें अपने घर से ही करनी होगी।ओडी प्रोडक्शन एवं दीपा मोशन पिक्चर्स के इस्माइल आजाद ने फिल्म के कथानक के विषय में जानकारी दी।

### वृद्ध आश्रम में गूंजे तराने

**बीकानेर**, अमन कला केंद्र द्वारा अपना घर वृद्ध आश्रम वृंदावन एंक्लेव कॉलोनी में वृद्ध भाइयों को खुशियां प्रदान करने के लिए एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी व अपना घर के ज्ञान जी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन डी रंगा अध्यक्ष सखा संगम थे अध्यक्षता दुर्गा राम मुंड व भारत प्रकाश श्रीमाली ने की कार्यक्रम में डॉ प्रवीण चतुर्वेदी डॉ हिमांशु दाधीच एम रफीक कादरी ख्वाजा हसन कादरी सिराजुद्दीन खोखर जावेद मिर्जा ने दीपावली मिलन समारोह मे गीत प्रस्तुत कर वृद्ध भाइयों को खुशियों से भरे गीतों की सौगात दे कर उनको झूमने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम का संचालन एम रफीक कादरी ने किया

### समिति की बैठक 27 को

**बीकानेर**, 24 अक्टूबर। जन्म-मृत्यु पंजीकरण के तहत जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक 27 अक्टूबर को सायं 4:30 बजे जिला कलेक्टर सभागार में जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) तथा संयुक्त निदेशक (आर्थिक एवं सांख्यिकी) धर्मपाल खींचड़ ने बताया कि बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही रजिस्ट्रीकरण से जुड़े सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पंजीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की चर्चा की जाएगी।

### अध्यक्ष के 26 को आएंगे बीकानेर

**बीकानेर**, 24 अक्टूबर। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक रविवार प्रात: 10 बजे श्रीडूंगरगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां स्थानीय प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। वे दोपहर 12 बजे बीदासर (चूरू) के लिए प्रस्थान करेंगे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली**। जिले की बासदयाल थाना पुलिस ने ग्राम बड़ागाँव के भूरी डुंगरी में विगत 21 अक्टुबर को चचेरे भाई को जान से मारने की नियत से थार गाड़ी से कुचलने व हमला करने के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के निर्देशन एवं एएसपी वैभव शर्मा व डीएसपी बानसूर दशरथ सिंह के सुपरविजन एवं थानाधिकारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुये मुल्जिमान श्यामलाल सैनी, विक्रम सैनी व नेतराम सैनी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में गहनता से अनुसंधान किया। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टुबर को प्रभुदयाल सैनी निवासी भुरी डुंगरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैं व मेरे भाई सुल्तान, हनुमान, पूरण एवं परिवार के लोग अपने खेत में काम कर रहे थे तभी एकराय होकर लीलाराम पुत्र मूलचन्द, बाबूलाल पुत्र मूलचन्द, श्यामलाल, ख्यालीराम, नेतराम पुत्रान बाबूलाल, बिल्लु, विक्रम पुत्रान लीलाराम, मेवा देवी पत्नि बाबूलाल, मनीषा देवी पत्नि नेतराम, रिंकी पत्नि ख्यालीराम, रेखा देवी पत्नि श्यामलाल, मिश्रो देवी पत्नि लीलाराम, ममता देवी पत्नि बिल्लु जातियान माली निवासी भुरी डुंगरी अपने हाथां में लाठी, दंताली, खाड़ा लेकर आये व हम पर हमला कर दिया ।